कोटद्वार, शुक्रवार
15 दिसम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 224 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com


स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## भीमताल के आदमखोर वन्यजीव को मारने पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई

नैनीताल। भीमताल में दो लोगों को मार डालने वाले जंगली जानवर को मारने के वन विभाग के आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने कहा कि वन विभाग अब तक यह तय नहीं कर पाया है कि हमलावर जानवर बाघ है या गुलदार। ऐसे में बिना पहचान किए किस आधार पर वनाधिकारियों ने वन्यजीव को मारने के आदेश जारी कर दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि हमलावर हिंसक जानवर की पहचान करने के लिए कैमरे, पकड़ने के लिए पिंजड़े लगाए जाएं। अगर पकड़ में नहीं आता है तो उसे ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू सेंटर भेजा जाए। कोर्ट ने वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन की धारा 11ए में जानवर को मारने के आदेश पर अगली सुनवाई की तिथि 21 दिसंबर तक स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।



भीमताल में दो महिलाओं को मारने वाले हिंसक जानवर को वन विभाग ने नरभक्षी घोषित कर दिया था। उसे मारने के चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन के आदेश का स्वतः संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की। इसमें सरकार की तरफ से मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंदशेखर रावत, चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन धनंजय मोहन और डीएफओ नैनीताल चंद्रशेखर जोशी उपस्थित हुए। खंडपीठ ने जब वनाधिकारियों से गुलदार को मारने की अनुमति देने के प्रावधान के बारे में जानकारी मांगी तो अधिकारी इससे जुड़े नियमों का ठीक से जवाब तक नहीं दे पाए। उन्होंने कहा कि वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट की धारा 13ए में खूंखार हमलावर जानवर को मारने की अनुमति दी जाती है। उन्होंने उसे पकड़ने और पहचान करने के लिए 5 पिंजड़े और 36 कैमरे लगाए हैं।

घर का बच्चा बिगड़ जाए तो उसे मार नहीं डालतेः न्यायालय ने उनसे पूछा कि हिंसक जानवर गुलदार था या बाघ। इस पर भी अधिकारी स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाए। न्यायालय ने कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि हिंसक जानवर को मारने के लिए चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन की संतुष्टि होना जरूरी है न कि किसी नेता के आंदोलन की। वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन की धारा 11ए के तहत तीन परिस्थितियों में किसी जानवर को मार सकते हैं। उसे पहले उस क्षेत्र से खदेड़ जाएगा, फिर ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू सेंटर में रखा जाएगा और अंत मे मारने जैसा अंतिम कठोर कदम उठाया जा सकता है। पर वन विभाग ने बिना जांच के सीधे मारने के आदेश दे दिए। न्यायालय ने कहा कि घर का बच्चा अगर बिगड़ जाता है तो उसे सीधे मार थोड़ा दिया जाता है। क्षेत्रवासियों के आंदोलन के बाद कैसे बिना जांच के वन्यजीव को मारने के आदेश जारी किए गए।

## राजनाथ सिंह ने विपक्ष के हंगामे पर उठाया सवाल

### ◈संसदीय मंत्री ने गिनाईं पुरानी घटनाएं

नई दिल्ली। संसद की सुरक्षा में चूक के उच्च स्तरीय जांच के आदेश और सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए जरूरी उपाय किये जाने के बाद भी विपक्ष के हंगामे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सभी सांसदों ने एक स्वर में निंदा की है।

सत्तापक्ष और विपक्ष सभी सांसदों को दर्शक दीर्घा के लिए पास जारी करने में ज्यादा सावधानी बरतने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि कागज फेंकने से लेकर इस तरह की घटनाएं पुराने संसद भवन में पहले भी चुकी हैं। वहीं, संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने आपराधिक कानूनों में संशोधनों से जुड़े तीन विधेयकों की अहमियत बताते हुए विपक्षी सांसदों से चर्चा में हिस्सा में लेने की अपील की। जोशी ने साफ किया कि आजादी के बाद से ही दर्शक दीर्घा से कागज फेंकने, नारेबाजी करने समेत सदन के भीतर कूदने की घटनाएं हो चुकी हैं। इन घटनाओं के बाद तत्कालीन लोकसभा



अध्यक्षों ने सांसदों से राय मशविरा कर सुरक्षा खामियों की समीक्षा की है और जरूरी कदम उठाए हैं।

इस बार भी लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश के अनुसार, पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू हो चुकी है और साथ ही सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए कदम भी उठाये गए हैं। उन्होंने कहा,सांसदों की सुरक्षा और संसद की गरिमा से जुड़े इस विषय पर सत्ता पक्ष और विपक्ष को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक साथ काम करना चाहिए।

IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
17 Years of Excellence in Education ESTD. 2006
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM (CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA | The Fern | CROWNE PLAZA | JAYPEE HOTELS & RESORTS | COUNTRY | COURTYARD Marriott AHMEDABAD | SAYAJI | WELCOMHOTEL | PRIDE | HYATT | TAJ | Marriott HOTELS & RESORTS | RAFFLES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years | M.C.A 2 Years | B.H.M. 4 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | B.Sc. IT 3 Years | C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# जल शक्ति अभियान (कैच द रेन) कार्यक्रम में जनपद की प्रगति की सराहना की





देहरादून। जल शक्ति अभियान (कैच द रेन) के अर्न्तगत जनपद देहरादून में विभिन्न विभागों द्वारा कराये गये कार्यों का निरीक्षण केन्द्रीय नोडल अधिकारी/ संयुक्त सचिव रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार धर्मेन्द्र कुमार सिंहएवं डा० शशिकान्त सिंह वैज्ञानिक केन्द्रीय भूजल बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस दिनांक 11.12.2023 को उनके समक्ष जिला प्रशासन, रेखीय विभागो के अधिकारियों एवं जिले मे उक्त अभियान हेतु नामित नोडल अधिकारी आर. एस. गुसाई अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड विकासनगर द्वारा पी०पी०टी० के माध्यम से जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन 12 दिसम्बर .2023 को केन्द्रीय नोडल अधिकारियों द्वारा जनपद अर्न्तगत विभिन्न विभागों द्वारा वर्षा जल संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु कराये जा रहे कार्यों के स्थलीय निरीक्षण के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्राम जोगीवाला माफी में अमृत सरोवर योजना के अर्न्तगत निर्मित तालाब, वन विभाग के थानो रेंज के अर्न्तगत कराये गये वनीकरण एवं अन्य कार्यों, लघु सिंचाई विभाग के कार्यालय परिसर में कराये गये वर्षा जल संरक्षण कार्य एवं सिंचाई विभाग द्वारा शुक्लापुर भुडडी में कराये गये हैस्को नदी संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड विकासनगर आर. एस. गुंसाई, पी. के. वर्मा परियोजना प्रबन्धक (अनुश्रवण), आशीष कठैत परियोजना प्रबन्धक (तकनीकी) जिला जल एवं स्वच्छता मिशन एवं संजीव कुमार सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड विकासनगर उपस्थित रहे। भ्रमण कार्यक्रम में अंतिम दिवस केन्द्रीय नोडल अधिकारी द्वारा सुश्री झरना कमठान, मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में सभी रेखीय विभागों द्वारा किये गये कार्यों की प्रगति तथा किये गये निरीक्षण के क्रम में अपना मन्तव्य प्रस्तुत किया गया तथा जल शक्ति अभियान (कैच द रेन) कार्यक्रम में जनपद की प्रगति की सराहना के साथ भविष्य में इस प्रगति को बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## एक नजर

### मसूरी में लेटर बॉक्स में फंसी उड़ने वाली गिलहरी को रेस्क्यू किया

देहरादून। मसूरी के लंढौर बाजार में देर रात मसूरी वन प्रभाग ने एक उड़ने वाली संरक्षित प्रजाति की गिलहरी का रेस्क्यू किया। गिलहरी डाक विभाग के लेटर बॉक्स में फंस गई थी। वन विभाग की टीम ने गिलहरी को निकालकर रात में ही जंगल में छोड़ दिया। लंढौर बाजार में बुधवार रात पोस्ट ऑफिस के पास एक उड़ने वाली गिलहरी पोस्ट ऑफिस के लेटर बॉक्स में फंसी देखी गई। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग मसूरी को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बीस मिनट तक चले रेस्क्यू के बाद उड़ने वाली गिलहरी को पकड़ लिया। इसके बाद उसे जंगल में छोड दिया। बताया जा रहा है कि यह गिलहरी संरक्षित प्रजाति की है। बहुत कम दिखाई देती है। वन बीट अधिकारी बालीगंज मनवीर सिंह पंवार ने बताया कि रात 11 बजे फोन पर लोगों ने उड़ने वाली गिलहरी के लेटर बॉक्स में फंसे होने की सूचना दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद गिलहरी को निकाला और उसे जंगल में छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि यह फ्लाइंग स्क्वाइरल वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 सेडयूल सेकंड के तहत संरक्षित प्रजाति की है। उन्होंने कहा कि यह मसूरी में अब बहुत कम दिखाई देती है।

### 'फ्लाइंग हॉक' से प्रमुख सड़कों पर होगी निगरानी, काटे जाएंगे चालान

देहरादून। शहर की सड़कों पर ट्रैफिक की निगरानी 'फ्लाइंग हॉक' (ड्रोन) से होगी। इसके लिए जिला पुलिस ने मुंबई की एक कंपनी से करार किया है। कंपनी उड़ते ड्रोन से पुलिस सड़कों की लाइव मॉनिटरिंग करेगी।

एसएसपी अजय सिंह ने सोमवार को मुंबई की कंपनी से करार होने बाद इनके ड्रोन उड़ान की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि कंपनी के ड्रोन शुरुआत में चकराता रोड, शिमला बाईपास रोड, सहारनपुर रोड, हरिद्वार बाईपास रोड, राजपुर रोड, ईसी रोड समेत शहर के प्रमुख व्यस्ततम मार्गों पर उड़ेंगे। वह सड़कों की स्थिति की वीडियो रिकार्डिंग करेंगे। इसे इनके कंट्रोल रूम मे बैठकर लाइव भी देखा जा सकेगा। ड्रोन रिकार्डिंग में सड़क पर गलत तरीके से खड़े वाहनों, सड़क पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के ऑनलाइन चालान किए जाएंगे।

# डीएम ने किया विकासखण्ड रायपुर कार्यालय का औचक निरीक्षण



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने आज विकासखण्ड रायपुर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में व्यवस्था देंखी। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए उपस्थित कार्मिकों को नामवार बुलाते हुए उपस्थिति जांची। फील्ड में गए कार्मिकों को वीडियोकॉल से जांची उपस्थिति। फोन न उठाने वाले दो फील्ड पर गए कार्मिकों का एक दिन का सीएल की कटौति के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिए।जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जो कार्मिक कार्यालय में रहतें है वे अपनी सीटों पर बैठकर जनमानस की समस्याएं निपटाएं। उन्होंने कहा कि जो कार्मिक फील्ड पर रहते हैं उनका पूर्ण विवरण यात्रा रजिस्टर में अंकन किया जाए। उन्होंने विकासखण्ड कार्यालय परिसर में स्थित महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं देखी तथा महिला समूहों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कार्मिकों के कार्यों की मॉनिटिरिंग के साथ ही कार्यालय में आवेदनों के सापेक्ष किये गए समाधान की भी अपने स्तर पर नियमित समीक्षा करें ताकि लोगों को अनावश्यक ना भटकना पड़े। उन्होंने कार्यालय परिसर साफ–सफाई एवं सामग्री को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, खण्ड विकास अधिकारी अर्पणा बहुगुणा सहित कार्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण भी किया।

### सफाई कर्मचारियों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

देहरादून। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने निकायों में ठेका प्रथा में काम कर रहे सफाई कर्मचारियों के नियमितिकरण समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है। गुरुवार को कर्मचारियों ने नगर निगम से डीएम दफ्तर तक पैदल मार्च कर प्रदर्शन किया। चेताया कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो एक जनवरी से प्रदेश भर में हड़ताल शुरू कर देंगे। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले कर्मचारी बड़ी संख्या में नगर निगम परिसर में एकत्र हुए। यहां नगर आयुक्त को ज्ञापन देने के बाद डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च शुरू किया। प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी डीएम कार्यालय परिसर पहुंचे। यहां सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। डीएम के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। जिसमें ठेकेदारी प्रथा, संविदा और दैनिक सफाई मजदूरों को नियमित करने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी कई सालों से नियमितिकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसके साथ ही डॉ. ललित मोहन रयाल कमेटी की सिफ़ारिशों और पुरानी पेंशन को लागू करने की भी मांग की गई। प्रदर्शन करने वालों में प्रदेश प्रभारी विशाल बिरला, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुनील राजौर, जिलाध्यक्ष देहरादून अरविंद घांवरी, महामंत्री पंकज चौटाला, सोनिया देवी, राहुल, अक्षय, आशीष, गौरव घाघट, सोहन लाल आदि शामिल रहे।

### क्षैतिज आरक्षण का विधेयक जारी न करने पर 26 से उग्र आंदोलन की चेतावनी

देहरादून। राज्य आंदोलनकारी संयुक्त मंच ने सरकारी सेवाओं में दस फीसदी क्षैतिज आरक्षण को लेकर सरकार के ढीले ढाले रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि यदि जल्द क्षैतिज आरक्षण के लए विधानसभा का विशेष सत्र लाकर कानूनी जामा न पहचाना गया तो राज्य आंदोलनकारी 26 दिसम्बर से उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। शहीद स्मारक में हुई एक पत्रकार वार्ता में संयुक्त मंच संयोजक क्रांति कुकरेती ने कहा कि समाचार पत्रों में सरकार के हवाले से इस आशय की खबरें प्रकाशित हुई हैं कि सरकार विधानसभा का विशेष सत्र जनवरी के अंतिम सप्ताह या फरवरी में आयोजित करने पर विचार कर रही है, इससे साफ है कि सरकार क्षैतिज आरक्षण के मुद्दे पर तय वादे के अनुसार काम नहीं कर रही है। इस पर मंच को कड़ी आपत्ति है। सरकार की वादे के अनुसार अब तक इसका जीओ जारी हो जाना चाहिए था। लेकिन सरकार जानबूझकर इस मुद्दे को लम्बा लटका रही है। सरकार ने सदन में वादा किया था कि वह 15 दिनों में विशेष सत्र आयोजित करके राज्य आंदोलनकारियों के 10 % क्षैतिज आरक्षण को कानूनी जामा पहना देगी।

# प्रचंड बहुमत देकर जनता ने दिया सकारात्मक संदेशः यतीश्वरानंद



हरिद्वार। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि तीन प्रदेशों में विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत देकर साबित कर दिया है कि देश की जनता का विश्वास भाजपा की केंद्र सरकार के प्रति बढ़ा है।

उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि मिशन 2024 को फतह करने के लिए अभी से जुट जाओ। यह बातें उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। ग्राम धारीवाला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य बताते हुए स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना है।

अधिक से अधिक परिवारों को पीएम उज्ज्वला योजना के लिए पंजीकरण कराने का है। उन्होंने आमजन के साथ गरीबों के लिए चलाई गईं केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि पक्का मकान, नल जल कनेक्शन, शौचालय, निशुल्क इलाज, निशुल्क राशन, गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, बैंक खाता खुलवाने, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, पीएम स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री स्वामित्व संपत्ति कार्ड से सभी को फायदा हुआ है। मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सैनी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर मंडल महामंत्री ऋषिपाल, संजय सरदार, नेत्रपाल, अशोक चौहान, संजय चौहान, सोमनाथ, करम सिंह, सुदेश, कृष्णपाल, संदीप राठौर आदि के साथ सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

# ईडी ने अटैच की पूर्व डीएफओ किशन चंद की 31.88 करोड़ की संपत्ति, मनी लॉन्ड्रिंग के तहत कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** कॉर्बेट नेशनल पार्क की पाखरौ टाइगर सफारी निर्माण घोटाले में आरोपी पूर्व डीएफओ किशन चंद की संपत्तियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने पूर्व आईएफएस की 31.88 करोड़ की सम्पत्ति अटैच कर दिया है। कार्रवाई के बाद सत्ता के गलियारों में हलचल मच गई है।

- ❑पाखरौ टाइगर निर्माण में धांधली व पेड़ कटान का है पूरा मामला
- ❑मामले को लेकर पूर्व में जेल भी जा चुके हैं किशन चंद

गौरतलब है कि पाखरो टाइगर निर्माण में धांधली व पेड़ कटान के मामले में किशन चंद जेल भी जा चुके है। इस मामले में 13 अक्टूबर को सीबीआई ने मुकदमा दर्ज किया है। पूर्व वन मंत्री हरक सिंह से भी सीबीआई पूछताछ कर रही है। इधर, बुधवार को ईडी ने मनी लांड्रिंग के तहत पूर्व डीएफओ किशन चंद पर यह कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक हरिद्वार जिले में एक स्कूल भवन और रुड़की स्थित एक स्टोन क्रेशर प्लांट को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अटैच किया गया है, जिनका स्वामित्व आईएफएस किशन चंद और उनके परिवार के सदस्यों के पास है। वहीं ईडी द्वारा आईएफएस अधिकारी किशन चंद की 31.88 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की संपत्ति को अटैच किया है। आपको बता दें कि यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग मामले के तहत की गई है। किशन चंद प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) के रूप में कार्यरत थे। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला उत्तराखंड सरकार के सतर्कता विभाग के अधिकारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। जांच के दौरान पता चला कि अटैच की गई संपत्तियां 'अपराध से अर्जित आय' हैं, और विभिन्न खातों में भारी मात्रा में नकदी तथा तीसरे व्यक्ति के नाम पर चेक जमा किए गए थे। जमा की गई राशि का उपयोग संपत्तियों को खरीदने के लिए किया गया। एक जनवरी 2010 से 31 दिसंबर 2017 तक की अवधि के दौरान किशन चंद ने चल और अचल संपत्तियों के अधिग्रहण/खरीद के साथ-साथ अन्य कार्यों पर 41.9 करोड़ रुपये की राशि खर्च की। हालांकि इस दौरान किशन चंद की आय 9.8 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार, आईएफएस के पास 31 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति थी, जो अपराध की कमाई है।



कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत पाखरो का प्रवेश द्वार

## सेना में अधिकारी बनने पर राकेश का हुआ स्वागत

**कोटद्वार :** रिखणीखाल के सिलबेड़ी गांव के राकेश रावत का भारतीय सेना में अधिकारी बनने पर ग्रामीणों और प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने उनका अभिनंदन किया। इन दिनों राकेश घर आए हुए हैं। सिलबेड़ी गांव के विनोद सिंह रावत के पुत्र राकेश रावत ने प्राथमिक शिक्षा गांव के ही प्राथमिक विद्यालय सिलबेड़ी और बारहवीं तक की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज रिखणीखाल से की। माध्यमिक शिक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने राजकीय पॉलीटेक्निक पिट्ठूवाला से डिप्लोमा कोर्स और ओपन यूनिवर्सिटी से प्राइवेट स्नातक किया। इसी दौरान कैंपस प्लेसमेंट में उनकी नियुक्ति प्राइवेट कंपनी में हो गई। जहां उन्होंने एक वर्ष नौकरी की, लेकिन राकेश का मन शुरू से ही सेना में जाने का था। प्राइवेट नौकरी छोड़कर उसने घर पर ही सीडीएस परीक्षा की तैयारी की और सफलता हासिल की। प्रशिक्षण के बाद अब राकेश रावत भारतीय सेना के अधिकारी बन गए हैं। शिक्षक पंकज जोशी ने कहा कि राकेश की मेहनत और सफलता से क्षेत्र के अन्य बच्चे भी प्रेरणा लेंगे। विधायक दिलीप सिंह रावत ने भी राकेश रावत के घर पहुंचकर उन्हें और उनके परिजनों को बधाई दी।

## क्रास कंट्री दौड़ में नीरज, मीनाक्षी, अनुज रहे अव्वल

**पौड़ी :** विजय दिवस के अवसर पर कंडोलिया में क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें 55 बालक व 34 बालिकाओं ने प्रतिभाग लिया। प्रतियोगिता के तहत ओपन पुरुष में नीरज सिंह, ओपन महिला में मीनाक्षी व अंडर-17 में अनुज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालिका में सिमरन गुसाईं, अंडर-14 बालिका में तानिया, अंडर-14 बालक में मुकुल पहले स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया गया। खेल विभाग द्वारा अंडर-14, 17 व ओपन बालक, बालिकाओं की क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन कंडोलिया पार्क से किया गया। अंडर-14 बालक, बालिकाओं की दौड़ मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय से कंडोलिया पार्क तक हुई। अण्डर-17 बालक, बालिका व ओपन वर्ग महिला की दौड़ सर्किट हाउस से वापस कण्डोलिया पार्क तक व ओपन बालकों की क्रास कंट्री दौड़ कंडोलिया पार्क से देवप्रयाग रोड़ पेट्रोल पंप तक वापस कण्डोलिया पार्क तक की गयी। इस मौके पर जिला क्रीडा अधिकारी अनूप बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# ईडी व सीबीआई का दुरुपयोग कर रही सरकार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल और कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत ने कहा है कि भाजपा पर निशाना साधा। आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल केवल विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ कर रही है।

इस संबध में यहां आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा, शुभेंदु अधिकारी और अजीत पंवार सहित कई नेता जब तक विपक्ष में थे, तब तक वे भ्रष्टाचारी थे, भाजपा में शामिल होते ही वे पाप मुक्त हो गये।

कहा कि असम में कांग्रेस की तरूण गोगोई सरकार में मंत्री रहते हुए हेमंत बिस्वा सरमा पर सीबीआई ने केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर गंभीर आरोप लगाए, इसके बाद हेमंत बिस्वा सरमा के अगस्त 2015 में भाजपा में शामिल होते ही सीबीआइ ने उनकी फाइल बंद कर दी और वे आज भी असम के मुख्यमंत्री हैं। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार में कद्दावर नेता रहे शुभेंदु अधिकारी भाजपा में शामिल होते ही उन पर लगे आरोप भी गायब हो गये और वे आज भी वहां नेता प्रतिपक्ष हैं। भाजपा नेताओं के मामले में लचर रवैया अपनाया जा रहा है, जो उचित नहीं है। प्रेस वार्ता में यूथ कांगेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, महावीर सिंह रावत, सुनील सेमवाल, सुदर्शन सिंह रावत और हेमचंद्र पंवार आदि थे।



कोटद्वार में वार्ता करते कांग्रेसी

## महाविद्यालय में होगा देवभूमि उद्यमिता योजना का केंद्र

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल में देवभूमि उद्यमिता योजना का केंद्र स्थापित होगा। कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विपिन पंवार को इसका नोडल अधिकारी बनाया गया है। डॉ. विपिन पंवार ने योजना के बारे में बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना उत्तराखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत युवाओं को स्वरोजगार व स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और राज्य में स्टार्टअप के लिए बेहतर माहौल पैदा किया जाएगा। इसके लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात में प्रशिक्षण लिया गया। महाविद्यालय में जल्द इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्राचार्य प्रोफेसर मनोज उप्रेती ने इस योजना को क्षेत्र के युवाओं के लिए अत्यंत लाभदायक बताया।

## डाक सेवकों का कार्यबहिष्कार जारी, कामकाज प्रभावित

**पौड़ी :** अखिल भारतीय डाक सेवक संघ की अनिश्चिकालीन हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों के डाकघरों में कामकाज प्रभावित होने लगा है। जिले में 658 ग्रामीण डाक सेवक हड़ताल पर चले गए है। गुरुवार को भी हड़ताल के तीसरे दिन डाक सेवकों ने केंद्र सरकार व डाक विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संघ ग्रामीण डाक सेवकों का कार्य समय 8 घंटे करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चिकालीन कार्य बहिष्कार पर चला गया है। डाकघर में धरना देते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक मांगें हल नहीं होती हैं तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान कर्मचारियों ने केंद्र सरकार व डाक विभाग पर अड़ियल रवैया अपनाने का आरोप लगाया। आक्रोशित कर्मचारियों ने कहा कि पिछले लंबे समय से ग्रामीण डाक सेवकों का कार्य समय बढ़ाकर 8 घंटे करने, कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिशों को लागू करने, सामूहिक बीमा कवरेज की धनराशि 5 लाख तक बढ़ाने, विभागीय कर्मचारियों के समान ग्रामीण डाक सेवकों की ग्रेज्युटी को 5 लाख करने, संवैतनिक अवकाश को 180 दिनों तक नगदीकरण में बढ़ाने आदि की मांग पिछले समय से की जा रही है, लेकिन केंद्र सरकार व डाक विभाग अड़ियल रवैया अपना रहा है। जिसके चलते अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू की गई है। कार्य बहिष्कार में मंडलीय सचिव नंद किशोर डोभाल, मंडलीय कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह भंडारी, सहसचिव विजय नैथानी, सोहन लाल, कुशला देवी, अनीता देवी, शांति, कृष्णचंद्र डोभाल, प्रकाश नौड़ियाल आदि शामिल रहे।

# शहर में निकली महाकाली की भव्य शोभा यात्रा

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** महाकाली मंदिर वार्षिकोत्सव पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही भैरव बाबा की मूर्ति स्थापित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

गुरुवार को महाकाली मंदिर समिति सेवादल की ओर से आमपड़ाव से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। महाकाली मंदिर वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन सुबह आठ बजे महाकाली पूजन, ध्वजारोहण, प्रातः 11 बजे भैरव बाबा मूर्ति स्थापना व शाम के समय भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मां काली, राधा कृष्ण सहित अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

समिति के अध्यक्ष मुकेश गोडियाल ने बताया कि 15 दिसंबर को मंदिर परिसर के समीप महाकाली का भव्य विकास जागरण किया जाएगा। 16 दिसंबर को आरती एवं हवन के साथ ही विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। कहा कि मंदिर से सैकड़ों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। इस मौके पर महामंत्री शिव गोडियाल, सचिव सौरभ, राहुल घाघट, निखिल वेद, आकाश, सुमित आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार शहर में निकाली गई महाकाली मंदिर की शोभायात्रा

## विद्यालय को दिए फर्नीचर

**कोटद्वार :** विकासखंड पोखड़ा के अंतर्गत पब्लिक इंटर कॉलेज लियाखाल में दिल्ली पुलिस में तैनात ग्राम कोला निवासी एसीपी ललित मोहन नेगी ने छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए फर्नीचर दान किया।

इस अवसर पर विद्यालय की ओर से आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में एसीपी ललित मोहन नेगी के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे एसआई पवन का विद्यालय परिवार द्वारा माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य दीपक रावत ने एसीपी ललित मोहन नेगी व एसआई पवन का आभार व्यक्त करते हुए छात्र हित में उठाए उनके इस कदम का स्वागत किया।

# 15 से प्रदर्शित होगी गढ़वाली फीचर फिल्म जै मां धारी देवी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** शहर के सिताबपुर स्थित फालनेक्स सिनेमाघर में 15 दिसंबर से गढ़वाली फीचर फिल्म 'जै मां धारी देवी' प्रदर्शित होगी। बड़े पर्दे की यह फिल्म दिन में दो बार दिखाई जाएगी। यह फिल्म प्रदेश की पहली धार्मिक फिल्म है।

नजीबाबाद चौराहे के समीप स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकरों से वार्ता करते हुए फिल्म के निर्माता निर्देशक देबू रावत ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि फिल्म मां धारी देवी की महिमा, वरदान, आस्था और चमत्कार पर बनाई गई है। फिल्म का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपने ईष्ट देवी-देवताओं की महिमाओं के बारे में बताना है। कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। इसलिए हमें धार्मिक आस्थाओं पर भी अपने बोली व भाषा में फिल्में अवश्य बनानी चाहिए। यह फिल्म उत्तराखंड फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनाई गई है। पूर्व में फिल्म दिल्ली, भोपाल, देहरादून, ऋषिकेश, पौड़ी व श्रीनगर सहित अन्य स्थानों पर भी दिखाई जा चुकी है। जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। कोटद्वार में फिल्म बीस दिसंबर तक सुबह दस व दोपहर तीन बजे से दिखाई जाएगी। इससे पूर्व देबू रावत कन्यादान व थोकदार जैसी सुपरहिट फिचर फिल्मों का निर्देशन भी कर चुके हैं। इस मौके पर रंगकर्मी प्रकाश गढ़वाली व अन्य लोग मौजूद रहे।



कोटद्वार में फिल्म के बारे में जानकारी देते निर्देशक देबू रावत

## चार छात्रों को मिला मल्टीनेशनल कंपनियों में प्लेसमेंट

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जीबी पंत इंस्टिट्यूट घुड़दौड़ी के चार छात्रों का मल्टीनेशनल कंपनी में दस लाख के पैकेज प्रति वर्ष पर चयन हुआ है। संस्थान के निदेशक डा. वीएन काला ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

हाईरेमी सॉफ्टवेर कंपनी द्वारा बीती अक्टूबर में प्लेसमेंट ड्राइव में एमसीए के अध्ययनरत छात्र विकास कुमार, अस्मिता गौड़ और गरिमा धीमान के साथ ही कंप्यूटर साइंस के अध्ययनरत छात्र सार्थक का चयन हुआ है। इस आयोजन में संस्थान के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल के ओआईसी डा. कमलजीत सिंह भाटिया, डीन अकादमिक डा. आशीष नेगी, एमसीए विभाग के प्लेसमेंट समन्वयक डा. सिद्धार्थ घनसेला, कंप्यूटर विज्ञान विभाग के समन्वयक अभिषेक गुप्ता, संस्थान के मीडिया प्रभारी डा. किरीट सेमवाल शामिल रहे।

# चौमुख व सर्वांगीण विकास सरकार की पहली प्राथमिकता : डॉ. रावत

## कैबिनेट मंत्री ने किया विकास कार्यों का लोकापर्ण और शिलान्यास

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य मंत्री व श्रीनगर विधानसभा के विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने अपनी विधानसभा के चार दिवसीय भ्रमण के दूसरे दिन गुरूवार को विकासखंड थलीसैंण के अंतर्गत विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने 67.45 लाख की लागत से चाकीसैंण-जाख मोटर मार्ग व 218.65 लाख की लागत से चाकीसैंण-मरखोला-बांजकोट मार्ग के डामरीकरण का शिलान्यास किया। मंत्री ने 12.61 लाख की लागत से स्वास्थ्य केंद्र चाकीसैंण के मरम्मत कार्यों, एवं उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड के 33 केवी सब स्टेशन का लोकार्पण किया। मंत्री ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता चौमुखी विकास व सर्वांगीण विकास करना है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी।



कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए।

मंत्री ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय चाकीसैंण के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास करते हुए कहा कि विद्यालयों को शिक्षा के लिए बेहतर तो बनाना ही है साथ ही विद्यालयों को सुंदर भी बनाना है। कहा कि राज्य सरकार छात्र-छात्राओं को ओर बेहतर शिक्षा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने वहां उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य को हासिल करना है तो उसके लिए मेहनत जरूरी है, जिससे लक्ष्य को समय पर हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान उन्होंने मरखोला गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए देश के प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं हेतु आम जनमानस को जागरूक करने की दृष्टि से मोदी की गारंटी वैन को रवाना भी किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता संघ मातवर सिंह रावत, मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश गौड़, जिला पंचायत सदस्य प्रियंका देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# आवेदनों की नियमित रूप से स्क्रीनिंग करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला मुख्यालय स्थित कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण हेतु गठित जिला स्तरीय तकनीकी एवं आवंटन समिति की बैठक ली। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि एमएसएसवाई के तहत प्राप्त आवेदनों की नियमित रुप से स्क्रीनिंग करना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के तहत गठित जिला स्तरीय तकनीकी एवं आवंटन समिति की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के तहत ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदनों की स्क्रीनिंग की जानी आवश्यक है। जिसमें मुख्यतया हैसियत प्रमाण पत्र, लेण्ड रिकॉर्ड, प्रोजेक्ट साईट, प्रोजेक्ट के संचालन व सर्वाइवल मुख्यतया शामिल है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे को निर्देश दिये कि वे आवेदनों की बारीकी के साथ जांच पड़ताल करने के उपरान्त ही आवंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना सुनिश्चित करें। एमएसएसवाई के तहत 14 दिसम्बर 2023 तक उरेड़ा विभाग को ऑनलाइन माध्यम से कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से उरेड़ा विभाग द्वारा 75 आवेदनों को परीक्षण के उपरान्त सही पाये जाने पर टीएफआर हेतु यूपीसीएल को भेजे गये थे। यूपीसीएल द्वारा 75 में से 62 आवेदनों पर टीएफआर प्रदान की गयी है। बैठक में परियोजना अधिकारी उरेड़ा वाईएस बिष्ट, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र शैलेंद्र डिमरी, लीड बैंक अधिकारी अनिल कटारिया, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग पौड़ी व कोटद्वार नंदिता अग्रवाल, एई विद्युत विभाग श्रीनगर ज्योति असवाल सहित अन्य बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।

## रेनबो स्कूल लागू हुई पीएमकेवीवाई योजना

**श्रीनगर गढ़वाल :** नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप कौशल केंद्र पहल के तहत में रेनबो पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 लागू की है, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को स्किल विषयों का प्रशिक्षण दिया जायेगा।विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. रेखा उनियाल ने व्यावसायिक और कौशल प्रशिक्षण लघु पाठ्यक्रमों पर जोर देते हुए कहा कि कौशल भारत पहल और आत्म निर्भर भारत की दिशा में इस योजना को लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में स्कूल को 120 छात्रों का लक्ष्य दिया गया है। कहा कि योजना के तहत स्कूल में डेटा एंट्री ऑपरेटर, जैम जेली और केचप प्रोसेसिंग तकनीशियन, सहायक शेफ और योग प्रशिक्षक सहित अन्य विषय संचालित किये जा रहे हैं। कहा कि रेनबो पब्लिक स्कूल शहर का पहला स्कूल बन गया है जहां प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 लागू किया गया है। योजना के अंतर्गत 15 से 45 आयु वर्ग तक लोग प्रतिभाग कर सकते हैं। कहा कि सभी पाठ्यक्रम एवं अध्ययन सामग्री बिल्कुल निःशुल्क प्रदान की जाएगी तथा पंजीकृत अभ्यर्थियों के मूल्यांकन के पश्चात राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मान्यता का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। (एजेंसी)

# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का रोस्टर जारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जिला प्रशासन ने सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत दिसंबर और आगामी जनवरी महीने का रोस्टर जारी कर दिया है। तय कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय अधिकारी राजस्व गांवों में जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और उनका निस्तारण करेंगे। अधिकारी भ्रमण कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सीडीओ को देंगे।

प्रशासन की ओर से जारी आदेश में दिसंबर व जनवरी माह में जिला उद्यान अधिकारी को विकासखंड पोखड़ा के सौन्डल व जयहरीखाल मयाल गांव तल्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी को खिर्सू के चड़िगांव व मल्लुंड गांव, गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ को कोट ब्लॉक के मंजाकोट, उत्तरसू गांव, जिला समाज कल्याण अधिकारी को कल्जीखाल के नैल गांव, कठुड गांव, जिला युवा कल्याण अधिकारी को कोट ब्लॉक के रीई, फलस्वाड़ी गांव, जिला पंचायत राज अधिकारी को दुगड्डा ब्लॉक के उर्तिच्छा केष्टा गांव, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को कल्जीखाल के सकनोली व मरोड़ा गांव, अधिशासी अभियंता विद्युत कोटद्वार को एकेश्वर ब्लॉक के विनक, बडयूण गांव, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को कल्जीखाल के थापल्यूं, डुंक गांव, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार को दुगड्डा के स्यालनी, सरडाह हनुमन्ती गांव, मुख्य चिकित्साधिकारी को कोट के सल्डा व पोखरी गांव, मुख्य शिक्षा अधिकारी को कल्जीखाल के मझगांव, बूंगा गांव, जिला मत्स्य अधिकारी को पौड़ी के पाली, गहड़ गांव, मुख्य कृषि अधिकारी को पाबौ के जबरोली, पटोटी गांव, प्रांतीय खंड लोनिवि के ईई को खिर्सू के गोली, उखी गांव, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को रिखणीखाल के ढिकोलिया, तिमलसैंण गांव में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत भ्रमण में ग्रामीणों की समस्याएं सुननी है। इसके अलावा भी डीएम ने अन्य जिला स्तरीय अफसरों को कार्यक्रम के तहत राजस्व गांव आवंटित किए गए हैं।

## 20 से भरें बीएड, एमएड और आईटीईपी परीक्षा फार्म

**श्रीनगर गढ़वाल :** हे. नं.ब. विवि की बीएड, एमएड के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षा सहित बीएड चार वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म 20 दिसम्बर से भरे जायेंगे। गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक एचएम आजाद ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि बीएड, एमएड के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षा सहित बीएड चार वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म 20 दिसंबर से 3 जनवरी तक भरे जायेंगे। उन्होंने बताया कि नियत तिथि तक परीक्षा फार्म न भरने पर 4 जनवरी से 8 जनवरी तक 1 हजार रूपये विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरे जायेंगे। (एजेंसी)

# हेमचंद्र पंवार बने अभिभावक संघ के अध्यक्ष

**कोटद्वार :** डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय में सत्र 2023-24 के लिए शिक्षक अभिभावक संघ का गठन कर लिया गया है। इस संबध में महाविद्यालय सभागार में गुरूवार को आयोजित शिक्षकों और अभिभावकों की बैठक में आम सहमति से हेमचंद्र पंवार को संघ का अध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों में महाविद्यालय प्राचार्य डा. जानकी पंवार को संरक्षक, जयदेव को उपाध्यक्ष, भगवत सिंह रावत को सचिव, मनोज कुमार अग्रवाल को उपमंत्री और मुस्तकीम अहमद को कोषाध्यक्ष चुना गया। जबकि डा. मानसी वत्स, डा. रोशनी असवाल और डा. मोहन कुकरेती को संघ का सदस्य चुना गया।


कोटद्वार महाविद्यालय में नियुक्त पदाधिकारी

## केंद्र और राज्य सरकार जनहित में कर रही कार्य : बीना राणा

पौड़ी : गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा चोपड़ा पहुंची। प्रमुख कल्जीखाल बीना राणा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख बीना राणा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा यह एक बहुत ही सार्थक प्रयास किया गया है, जिससे आम जन मानस को विकास योजनाओं की जानकारी मिल सके। ताकि वे लोग योजनाओं का लाभ ले सके। प्रधानमंत्री मोदी का यह कदम सराहनीय है, हमारी केन्द्र एवं राज्य की सरकारें जनहित में बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। ग्राम चोपड़ा में आयोजित गोष्ठी में सचल वाहन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों को जन कल्याणकारी योजना आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, नन्दा गौरा कन्याधन योजना आदि के बारे में जानकारी दी गयी। प्रमुख बीना राणा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा यह सार्थक प्रयास किया गया है, जिससे आम जन मानस को विकास योजनाओं की जानकारी मिल रही है। लोगों से अपील की गई कि वह इन योजनाओं का लाभ उठाएं। कहा कि केन्द्र एवं राज्य की सरकार ने जनहित की कई योजनाओं को शुरू किया है इनका लाभ भी लोगों को मिल रहा है। हर वर्ग आज इन योजनाओं से लाभान्वित है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी कल्जीखाल गंगा प्रसाद लखेड़ा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मेघराज सिंह, जिला सहकारी बैंक भाजपा पौड़ी सुषमा रावत, कनिष्ठ अभियन्ता सुधीर बिष्ट, ग्राम विकास अधिकारी दुर्गा प्रसाद भट्ट, प्रधान ग्राम मरोड़ा भारती देवी, ग्राम चोपड़ा के महिला स्वयं सहायता के सदस्य बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# योजनाओं की वित्तीय और भौतिक प्रगति तेजी से बढ़ायें: सीडीओ

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला योजना, राज्य सैक्टर, केंद्र पोषित, वाह्य सहायतित तथा बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग और वन विभाग को भी अपने-अपने निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनका तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने दूसरे ऐसे विभागों को जिनका खर्चा 70 प्रतिशत से कम है चेतावनी जारी करते हुए खर्च की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, कृषि और उद्यान विभाग को कम वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के चलते स्पष्टीकरण देने को कहा। उन्होंने जिन विभागों की खर्च प्रगति 70 प्रतिशत से कम है उनको चेतावनी दी। उन्होंने उद्यान और कृषि विभाग को कृषि एवं काश्तकारों से संबंधित योजनाओं का तेजी से और बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने के निर्देश देते हुए प्रगति को संतोषजनक करने को कहा। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, अधिशासी अभियंता सिंचाई सचिन कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


सीडीओ अपूर्वा पाण्डेय बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# ऊर्जा बचत को अपनी आदत बनाएं : सीडीओ



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर गुरूवार को उत्कृष्ट राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज रुद्रप्रयाग के छात्र-छात्राओं द्वारा जनपद मुख्यालय में ऊर्जा संरक्षण जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को नकद पुरस्कार, प्रमाण-पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग के हॉल में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने कहा कि ऊर्जा बचत को हमें अपनी आदत बनाना चाहिए। अगर हम ऐसा कर पाए तो यह बड़ी उपलब्धि होगी। कहा कि ऊर्जा बचत से हम देश सेवा करते हैं। इससे पूर्व मुख्य शिक्षा अधिकारी हेमलता भट्ट व परियोजना अधिकारी उरेडा राहुल पंत ने जागरूकता रैली का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जहां मुख्य शिक्षा अधिकारी ने छात्रों को प्रारंभिक रूप से ऊर्जा संरक्षण के बारे में बताया वहीं परियोजना अधिकारी (उरेड़ा) द्वारा विभाग की योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं की छात्रा गुंजन व चित्रकला में आइस्का चौहान ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कबड्डी में नैनीडांडा, यमकेश्वर ने किया तीसरे राउण्ड में प्रवेश

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : युवा कल्याण विभाग पौड़ी के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत कंडोलिया मैदान पौड़ी में कबडडी स्पर्द्धा की बालक वर्ग की अंडर-14, 17 व 19 आयुवर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लाकों की टीमों ने हिस्सा लिया। अंडर-14 आयु वर्ग में पहले राउंड में एकेश्वर और कल्जीखाल के बीच खेला गया, जिसमें एकेश्वर ने कल्जीखाल को 26-13 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। थलीसैण ने पाबौ को 26-5, द्वारीखाल ने बीरोंखाल को 18-15, पोखड़ा ने रिखणीखाल को 17-15 और खिर्सू ने दुगड्डा को 21-19 से हराया। विजयी टीमों ने दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दूसरे राउंड में थलीसैण ने जयहरीखाल को 38-9, पोखड़ा ने द्वारीखाल को 25-7 से हराया। अंडर-17 आयुवर्ग में पहले राउंड में थलीसैण ने नैनीडांडा को 26-9, पाबौ ने कल्जीखाल को 27-7 से, यमकेश्वर ने जयहरीखाल को 14-9, द्वारीखाल ने पौड़ी को 18-5, एकेश्वर ने खिर्सू को 20-15, कोट ने बीरोंखाल को 19-13 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। अण्डर-19 आयुवर्ग के पहले राउंड में नैनीडांडा ने जयहरीखाल को 16-6, पाबौ ने बीरोंखाल को 23-17, पौड़ी ने थलीसैंण को 18-17, एकेश्वर ने रिखणीखाल को 18-10 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दूसरे राउंड में नैनीडांडा ने दुगडडा को 14-13, यमकेश्वर ने कोट को 25-12 से हराकर तीसरे राउण्ड में प्रवेश किया। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत, भगवान सिंह गुसाईं, संदीप खंकरियाल, महेश कुमार, अमन, अशोक, भूपेंद्र सचिन, अमित आदि मौजूद रहे।

## गढ़वाल विवि में विरासत फेस्ट 23 दिसंबर को

श्रीनगर गढ़वाल : बिड़ला परिसर के सीनेट हाल में आर्कलाजी विभाग के द्वारा विरासत फेस्ट के लिए ऑडिशन लिये गये। जिसमें 160 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और अपने हुनर का जलवा बिखेरा। छात्रों ने इस दौरान डांस, गायन, मॉडलिंग, कविता पाठ समेत रैप जैसे प्रतियोगिताओं के लिए ऑडिशन दिया। कार्यक्रम के समन्वयक सौरव रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों को तनाव मुक्त रखने व छात्रों के अंदर छुपी प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से विरासत फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि विभाग के गुरूजनों का उन्हें विशेष सहयोग मिल रहा है।

# रूद्रप्रयाग जिले में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर और अधिकारी की होगी भर्ती

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : जनपद के सभी विकासखंड मुख्यालयों में एसआईएस इंडिया लि. के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु 02 दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने खंड विकास अधिकारियों को उक्त शिविर आयोजित करने हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर व सुरक्षा अधिकारी हेतु आयोजित होने वाले शिविरों के संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमांडेंट व भर्ती अधिकारी संदीप कुमार महतो ने बताया कि एसआईएस इंडिया लि. भारत की बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो पूरे भारत व विदेशों में सुरक्षा प्रदान करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि 19 व 20 दिसंबर को विकासखंड जखोली में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह विकासखंड ऊखीमठ में 21 व 22 दिसंबर को जबकि 23 से 25 दिसंबर तक अगस्त्यमुनि विकासखंड में कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने भर्ती हेतु आवश्यक अर्हताओं को लेकर बताया कि सुरक्षा सैनिक के लिए शारीरिक मापदंड लंबाई 168 सेमी., सीना 80-85 सेमी. तथा उम्र-21 से 36 वर्ष होनी चाहिए। इसके साथ ही वजन 56 से अधिक व 90 किग्रा से कम हो, जबकि शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण हो। वहीं सुरक्षा सुपरवाजर के लिए 12वीं पास तथा सुरक्षा अधिकारी के लिए स्नातक होना आवश्यक है। बताया कि इच्छुक बेरोजगार युवक उक्त निर्धारित तिथियों में अपनी सुविधा के अनुसार संबंधित ब्लॉकों में शिविरों में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। पंजीकृत चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए एसआईएस ट्रेनिंग सेंटर देहरादून भेजा जाएगा तथा चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरांत तैनाती स्थलों पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दी जाएगी।

# गैरसैंण में ट्रैफिक जाम के झाम से मिलेगी निजात

## मुख्यमंत्री घोषणा के तहत गैरसैंण में बनेगी मल्टीस्टोरी वाहन पार्किंग




जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : गैरसैंण नगर पंचायत में मल्टीस्टोरी वाहन पार्किंग निर्माण की कवायद शुरू हो गई है। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत गैरसैंण में 169 वाहन क्षमता के मल्टीस्टोरी पार्किंग निर्माण को लेकर भूमि चयन के साथ ही इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। पार्किंग बनने से गैरसैंण में लोगों को रोजमर्रा लगने वाले जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा गैरसैंण में पार्किंग निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। संस्था के अधिकारियों ने गुरूवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना के समक्ष गैरसैंण में प्रस्तावित पार्किंग निर्माण के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पार्किंग निर्माण हेतु चयनित भूमि, डिजाइन एवं आंगणन की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कुछ बिंदुओं पर संशोधन करते हुए संस्था को शीघ्र संशोधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के मुख्य बाजार में प्रस्तावित वाहन पार्किंग में एक समय में करीब 169 गाड़ियां पार्क हो सकेंगी। इससे शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू होगी। शासन से स्वीकृति मिलते ही पार्किंग का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एलपी भट्ट सहित कार्यदायी संस्था के अभियंता उपस्थित थे।

# सांसद तीरथ सिंह रावत बोले पुस्तकें गुरुओं की भी गुरु होती हैं

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : कहते हैं अच्छी किताबें और अच्छे लोग तुरन्त समझ में नहीं आते उन्हें पढ़ना और समझना पड़ता है। कम्प्यूटर और इंटरनेट के प्रति बढ़ती दिलचस्पी के कारण पुस्तकों से लोगों की दूरी बढ़ती जा रही है।

लोगों और किताबों के बीच की इस बढ़ती दूरी को पाटने की अनोखी पहल सांसद तीरथ सिंह रावत के द्वारा हिन्दी साहित्य के प्रचार-प्रसार हेतु पुस्तक वितरण कार्यक्रम के माध्यम से की जा रही है। परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, रुद्रप्रयाग विमल कुमार द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी, रुद्रप्रयाग को राष्ट्रभाषा हिन्दी एवं हिन्दी साहित्य के प्रचार-प्रसार हेतु पुस्तक वितरण के लिए कार्यदायी संस्था बनाया गया है।सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु माननीय सांसद तीरथ सिंह रावत की अनुशंसा पर हिन्दी साहित्य से संबंधित हिन्दी के महान लेखकों की रचनाओं से समृद्ध एक मिनी लाइब्रेरी की पुस्तकों का वितरण व सम्मान समारोह का श्री गणेश एवं उद्घाटन सांसद ने अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, रुद्रप्रयाग में किया। सांसद तीरथ सिंह रावत के सांसद निधि से 60 उ.प्रा.वि.धा.वि को 10 हजार, 32 उच्च विद्यालयों को 25 हजार एवं 16 कॉलेज, इंटर कॉलेजों को 50 हजार की पुस्तकों के वितरण किया। इस मौके साहित्यकार रमेश पहाड़ी, जगदंबा प्रसाद चमोला, कृष्णानंद नौटियाल, अश्विनी गौड़, श्रीमती कुसुम भट्ट को सम्मानित किया गया। रुद्रप्रयाग जनपद के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि जनपद के 108 शैक्षणिक संस्थाओं को एक मिनी लाइब्रेरी की पुस्तकों की प्राप्ति के साथ ही सांसद द्वारा रुद्रप्रयाग जनपद के पांच साहित्यकारों का सम्मान भी हुआ हो।

# छात्रों और कर्मचारियों ने सीखें आपदा से निपटने के गुर

टिहरी : जनपद के ब्लॉक भिलंगना के नैलचामी के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय होल्टा गांव में जिला आपदा प्रबंधन विभाग के कार्मिकों ने आपदा का प्रशिक्षण देते हुए आपदा से निपटने के अहम गुर 47 से अधिक लोगों को सिखाये। इस दौरान आपदा में सजग रहने की जानकारी देते हुए आपातकालीन नंबरों का समय पर उपयोग करने के साथ सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने की जानकारी दी।

आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि डीएम मयूर दीक्षित ने निर्देश पर जनपद के विभिन्न क्षेत्र के विद्यालयों में आपदा प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन विभाग की मदद से दिया जा रहा है। ताकि आपदा में लोग बेहतर बचाव कर सकें। इसी क्रम में गुरूवार को राउमा विद्यालय होल्टा में आपदा प्रबंधन विभाग ने छात्र-छात्राओं व स्टाफ सहित 47 लोगों को आपदा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन एवं अन्य महत्वपूर्ण जन-जागरूकता संबंधी जानकारियां भी दी गई। जिनमें आपदा, आपदा के प्रकार भूकम्प, भूस्खलन, त्वरित बाढ़, वनाग्नि सहित आपदा पूर्व व आपदा के दौरान व पश्चात की जानकारी दी गई।

# स्कूल प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

चमोली : गुरुवार को संकुल संसाधन केंद्र सिमली में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं राजकीय इंटर कालेजों के विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों का तीन दिवसीय सामूहिक सहभागिता प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस दौरान पदाधिकारियों को बच्चों के प्रति सामाजिक सुरक्षा सहित कई जानकारियां दी गई।

संकुल संसाधन केंद्र सिमली में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ जीआईसी के प्रधानाचार्य जीसी डिमरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पुलिस उपनिरीक्षक सुधा बिष्ट ने बच्चों एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा के बारे में बताया। जबकि बाल विकास अधिकारी प्रियंका नौटियाल ने सरनकार द्वारा बच्चों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) | टेंडर नं. | T-20-TRD-MB-23-24-I |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के बरेली कैंट स्टेशन पर गुड्स शेड के सुधार और परिवर्तन के संबंध में ओ०एच०ई० संशोधन का कार्य। | | |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.01.2024 को 15:00 बजे | | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹54,61,761.32 (including GST @ 18%) | | |
| बिड सिक्योरिटी राशि (₹) | ₹1,09,200/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद | | |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-28 दिनांक 14.12.2023 3937/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के समाने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 241-DRM-MB-23-24 dt. 12.12.2023 | | |
| कार्य का नाम | Maintenance of circulating area, parks and lawn of stations (YNRK etc.) in the section of SSE/W/HW under ADEN/HW | | |
| अनुमानित लागत | 59,99,062.20 | धरोहर राशि | 1,20,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | | |
| टेन्डर संख्या दिनांक | 242-DRM-MB-23-24 dt. 12.12.2023 | | |
| कार्य का नाम | Safety related misc. track activities in the section of SSE/P.Way/DDN | | |
| अनुमानित लागत | 74,96,772.01 | धरोहर राशि | 1,49,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | | |
| टेन्डर संख्या दिनांक | 243-DRM-MB-23-24 dt. 12.12.2023 | | |
| कार्य का नाम | Misc. Bridge Work in the section of SSE/W/RK under ADEN/RK | | |
| अनुमानित लागत | 74,99,230.68 | धरोहर राशि | 1,50,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | | |
| टेन्डर संख्या दिनांक | 244-DRM-MB-23-24 dt. 12.12.2023 | | |
| कार्य का नाम | Misc. Bridge Work in the section of SSE/W/HW under ADEN/HW | | |
| अनुमानित लागत | 59,47,999.48 | धरोहर राशि | 1,19,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | | |
| टेन्डर संख्या दिनांक | 245-DRM-MB-23-24 dt. 12.12.2023 | | |
| कार्य का नाम | Heavy repair to flood affected quarter at LRJ station in the section of SSE/W/RK under ADEN/RK | | |
| अनुमानित लागत | 99,99,985.38 | धरोहर राशि | 2,00,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | | |
| टेन्डर संख्या दिनांक | 246-DRM-MB-23-24 dt. 12.12.2023 | | |
| कार्य का नाम | Safety related Miscellaneous track activities in the section of SSE/P.Way/RK under ADEN/RK | | |
| अनुमानित लागत | 89,90,979.14 | धरोहर राशि | 1,79,800.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | | |
| टेन्डर संख्या दिनांक | 247-DRM-MB-23-24 dt. 12.12.2023 | | |
| कार्य का नाम | Miscellaneous bridge work in the section of SSE/W/DDN. | | |
| अनुमानित लागत | 74,98,137.47 | धरोहर राशि | 1,50,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | | |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 09.01.2024 16:00 | निविदा की कीमत | Nil |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 26.12.2023 | आफर की वैधता | 60 दिन |

पत्रांक - 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 13.12.2023 3928/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सम्पादकीय

## संसद में शर्मनाक हरकतें

हमारे देश की संसद कितनी सुरक्षित है इसके उदाहरण एक नहीं, बल्कि कई बार सामने आ चुके हैं जिनमें कुछ वर्ष पूर्व आतंकी हमले को एक सुरक्षा में बड़ी चूक माना गया था। उम्मीद की गई थी कि उस आतंकी घटना के बाद शायद संसद की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा तंत्र अपनी जिम्मेदारियां को समझेगा लेकिन कल जो कुछ भी नई संसद के अंदर हुआ वह बेहद शर्मनाक है और साथ ही सुरक्षा प्रबंधों पर एक करारा आघात है। स्पष्ट है कि नई संसद के निर्माण के बाद साजसज्जा पर जितना ध्यान दिया गया यदि उसका एक अंश सुरक्षा की ओर ध्यान दिया जाता तो यह शर्मनाक हृश्य कल संसद में देखने को नहीं मिलते। इस घटना के बाद हरकत में प्रशासन विधानसभा सचिवालय के कुछ कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इस घटना के वीडियो पुरे सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं जो देश के लोकतंत्र और संसद की सुरक्षा प्रबंधन पर एक सवाल खड़े करता है। पकड़े गए आरोपियों ने सुरक्षा कर्मियों द्वारा पूछताछ के बाद यह स्वीकार किया है कि वह लाइमलाइट में आने के लिए इस प्रकार की हरकत कर रहे थे जो कि वह दर्शन गैलरी में भी कर सकते थे लेकिन वहां ना तो कोई उन्हें देख रहा था और नई सीसीटीवी कैमरे वहां लगे थे। उनका मकसद पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचना था और अपने इस कार्य में वह सफल रहे। सब कुछ केवल हंगामा पैदा करने के लिए किया गया, लेकिन जो कुछ नई संसद के टेबल ऊपर उछल–उछलकर इन लोगों के द्वारा किया जा रहा था उसने पूरी संसद की गरिमा के साथ–साथ सुरक्षा प्रबंधन को भी खंडित किया है। निश्चित तौर पर इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठेंगे और सवाल उठे तो कई कमियां भी सामने आएंगे। जांच में अब पता लगा कि संसद भवन के गेट नंबर–2 पर लगे डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) डीएफएमडी 10–15 साल पुराना है। ऐसे में डीएफएम स्मोट स्टिक (स्मोक केन) को पकड़ नहीं पाया था। ऐसे में माना जा रहा है कि डीएफएम ठीक से काम नहीं कर रहा था। सुरक्षा प्रबंधन की एक खास कड़ी माना जाने वाला डीएफएम उपकरण पुरानी संसद से लाकर ही यहां लगा दिया गया था, जिसमे सर्चिंग–फिगिंग ठीक से नहीं हो रही थी। इस कारण डीएफएमडी भी जांच के दायरे में आ गया है। इस घटना के बाद अब संसद से लेकर राज्यों की विधानसभा में सुरक्षा को लेकर डंका पीटा जायेगा और कुछ समय तक सतर्कता बरती जाएगी, जिसका सीधा असर विजिटर पास जारी करने में देखने को मिलेगा। देश की संसद में इस प्रकार की घटना होना बेहद गंभीर बात है और इसके लिए सरकार को संसदीय सुरक्षा तंत्र में व्यापक परिवर्तन व सुधार करने की जरूरत है। संसद एवं विधानसभाओं में सुरक्षा का तंत्र एक घिसी पीटी लीक के अनुसार चल रहा है, ना तो संसद व विधानसभा में ड्यूटी करने वाले सुरक्षाकर्मी कुशल तौर पर प्रशिक्षित है और ना ही इन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में माहौल पर काबू करने की दक्षता प्राप्त है। हालांकि कल की इस घटना में किसी प्रकार के हथियार नजर नहीं आए, लेकिन कल्पना की जा सकती है कि एक बार बड़ी आतंकी घटना होने के बावजूद भी यदि सुरक्षा तंत्र अब तक सजग नहीं हो पाया है तो भविष्य में हमें इससे भी बड़ी किसी घटना के लिए तैयार रहना होगा।

# ईवीएम पर कांग्रेस तब लड़े निर्णायक लड़ाई!

**अजीत द्विवेदी**

इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के कई नेता अलग अलग तथ्यों और तर्कों के आधार पर ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस और उसके समर्थकों की ओर से प्रसारित व्हाट्सऐप फॉरवर्ड भी घूम रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि गुजरात के वडोदरा की पादरा नगरपालिका चुनाव में ईवीएम की मदद से जनादेश लूटने की शुरुआत हुई थी। बताया जा रहा है कि निगम चुनाव में एक बूथ पर 44 वोट पड़े थे, लेकिन ईवीएम में 111 यानी उससे ढाई गुना ज्यादा वोट दर्ज हुए। उसी व्हाट्सऐप फॉरवर्ड में यह भी बताया जा रहा है कि कांग्रेस की शिकायत पर अमुक नंबर की ईवीएम की जांच हुई तो पाया गया कि किसी भी उम्मीदवार के नाम के सामने बटन दबाने पर भाजपा को वोट जाता था। एक अन्य व्हाट्सऐप फॉरवर्ड में दावा किया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में मतगणना के समय कितने ईवीएम की बैटरी 99 फीसदी चार्ज थी। इस आधार पर दावा किया जा रहा है कि 10 घंटे वोटिंग के बाद बैटरी इतना चार्ज नहीं रह सकती थी। इसका मतलब है कि मशीन बदली गई। एक दूसरे व्हाट्सऐप फॉरवर्ड में ईवीएम का समर्थन करने वालों का मजाक उड़ाते हुए तंज किया जा रहा है कि एपल का फोन हैक हो सकता है, सुरक्षा संस्थानों–बैंकों के कंप्यूटर हैक हो सकते हैं, गाड़ियां हैक की जा सकती हैं लेकिन ईवीएम हैक नहीं किया जा सकता है। 19 लाख ईवीएम गायब होने की बात बरसों से चल रही है। व्हाट्सऐप फॉरवर्ड में किए गए दावे सही हो सकते हैं और गलत भी हो सकते हैं लेकिन ऐसा लग रहा है कि इनको कांग्रेस के नेता अपनी हार के जख्म पर मल्हम की तरह लगा रहे हैं।

व्हाट्सऐप फॉरवर्ड के अलावा कांग्रेस की ओर से आधिकारिक रूप से ईवीएम पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक के बाद एक कई पोस्ट डाली गई, जिसमें लिखा गया, 'लोकतंत्र फेल हुआ, ईवीएम में खेल हुआ', 'ईवीएम की बात करो तो बीजेपी तड़प उठती है, आखिर ये कौन सा रिश्ता है?' 'भरोसा टूट रहा है, कोई जनमत लूट रहा है', 'ईवीएम जीत गया, आपका मत हार गया' आदि। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने चुनाव के तुरंत बाद पोस्टल बैलेट में कांग्रेस की बढ़त के आधार पर यह सवाल उठाया कि पोस्टल बैलेट में भाजपा से इतना आगे होने के बावजूद ईवीएम के वोट में कांग्रेस इतने बड़े अंतर से कैसे हारी? एक व्हाट्सऐप फॉरवर्ड में यह भी दावा किया गया है कि पोस्टल बैलेट में कांग्रेस मध्य प्रदेश की 230 में से 190 सीटों पर आगे थी। हालांकि ऐसा कोई भी दावा राजस्थान, छत्तीसगढ़ या दूसरे राज्य



को लेकर नहीं किया जा रहा है। अगर मध्य प्रदेश के नेताओं खास कर दिग्विजय सिंह, कमलनाथ के सोशल मीडिया हैंडल को देखें तो उस पर बड़ी संख्या में ईवीएम से जुड़ी खबरें शेयर की जा रही हैं। उसमें बताया जा रहा है कि क्यों नीदरलैंड ने ईवीएम पर पाबंदी लगा दी या कहां कहां ईवीएम से क्या गड़बड़ी हुई है। कोई भाजपा के राज्यसभा सांसद जीवीएल नरसिम्हा की ईवीएम पर लिखी किताब पढ़ने की सलाह दे रहा है, कोई लालकृष्ण आडवाणी द्वारा ईवीएम पर उठाए गए सवालों का हवाला दे रहा है तो कोई ईवीएम बनाने वाली भारत सरकार की कंपनी बीईएल के इंजीनियरों के हवाले से बता रहा है कि कंपनी सिर्फ ईवीएम नहीं बनाती है, बल्कि पूरी चुनाव प्रक्रिया में शामिल होती है।

सो, अब सवाल है कि ईवीएम के जरिए जनमत लूटने की जो बात मध्य प्रदेश कांग्रेस की ओर से आधिकारिक रूप से कही जा रही है या मध्य प्रदेश के कांग्रेस नेता जो दावे कर रहे हैं क्या कांग्रेस आलाकमान उससे सहमत है? और सबसे बड़ा सवाल है कि कांग्रेस इस मामले को कहां तक ले जाएगी? इन सवालों के जवाब कांग्रेस को देने हैं लेकिन उससे पहले समझ लेना होगा कि कांग्रेस ईवीएम के मसले को हिट एंड रन के अंदाज में नहीं इस्तेमाल कर सकती है क्योंकि इससे उसको नुकसान हो रहा है। हर चुनावी हार के बाद कांग्रेस के नेता जब ईवीएम में गड़बड़ी का दावा करते हैं या कह कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा ईवीएम की मदद से जनमत लूट ले रही है तो इसका बड़ा असर कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के मनोबल पर होता है। उनके मन में धीरे धीरे यह धारणा बैठती जा रही है कि वे मोदी और शाह की कमान वाली भाजपा से नहीं लड़ सकते हैं या उनको नहीं हरा सकते हैं। कांग्रेस के कई नेता यह कहते मिल रहे हैं कि भाजपा वहीं हार रही है जहां वह हारना चाहती है। यानी कर्नाटक, तेलंगाना या कुछ अन्य राज्यों में वह नहीं जीती तो इसलिए कि वह जीतना नहीं चाहती थी ताकि लोगों का चुनावी प्रक्रिया पर भरोसा बना रहे। इस तरह की धारणा मन में बैठने का नतीजा यह है कि बड़ी संख्या में नेता पार्टी छोड़ रहे हैं या छोड़ने की सोच रहे हैं। उनको लग रहा है कि जब लड़ कर भाजपा को नहीं हरा सकते हैं तो लड़ने की क्या जरुरत है। यह सोच कांग्रेस और समूचे विपक्ष को बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है।

तभी इस तरह हर चुनाव के बाद ईवीएम पर सवाल उठा कर या कभी–कभार ईवीएम में गड़बड़ी हो सकने की संभावना पर प्रेस कांफ्रेंस करके चुनाव आयोग को ज्ञापन देने की औपचारिकता निभाने की बजाय कांग्रेस पूरी तरह से चुप रहे, ईवीएम के जनादेश को स्वीकार करे और दावा करके कि उसके प्रयासों की वजह से ईवीएम से भारत में चुनाव हो रहे हैं या फिर निर्णायक लड़ाई लड़े। वह ऐलान कर दे कि उसे ईवीएम पर भरोसा नहीं है, उसे हैक किया जा रहा है, जनमत चुराया जा रहा है, आदिवासी, दलित, पिछड़ों, महिलाओं को उपलब्ध एकमात्र संवैधानिक हथियार को उनसे छीना जा रहा है इसलिए जब तक बैलेट पेपर से चुनाव नहीं होंगे, तब तक कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ेगी। अगर दूसरी पार्टियां इस अभियान में शामिल होती हैं तो ठीक है अन्यथा कांग्रेस यह काम अकेले करे। अगर वह तुरंत ऐसा नहीं करती है तो बहुत देर हो जाएगी। फिर कोई उसकी बात पर यकीन नहीं करेगा। भाजपा की ओर से यह धारणा बनवाई जा रही है कि कांग्रेस अपने शीर्ष नेताओं यानी गांधी परिवार की साख बचाने के लिए ईवीएम पर ठीकरा फोड़ती है। यह बात अगर आम लोगों के दिल–दिमाग में बैठ गई तो फिर कांग्रेस बाद में चुनाव बहिष्कार करेगी तब भी लोगों पर असर नहीं होगा।चुनाव बहिष्कार की राय से असहमत लोगों का कहना है कि लोकतंत्र में अगर चुनाव नहीं लड़ेंगे तो आम लोगों की आवाज कैसे उठाएंगे या आम लोगों की लड़ाई कैसे लड़ेंगे? लेकिन यह बहुत बचकानी बात है। क्योंकि आम जनता की लड़ाई लड़ने के लिए संसद या विधानसभाओं में बैठना जरूरी नहीं होता है। आम जनता और संविधान की रक्षा की लड़ाई सड़क पर लड़ी जा सकती है। राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि सड़कें सूनी हो जाएंगी तो संसद आवारा हो जाएगी। आज सड़कें सूनी हो गई हैं। कहीं कोई राजनीतिक आंदोलन होता नहीं दिख रहा है, जबकि सबने देखा कि कैसे सड़क पर बैठ कर किसानों ने सर्वशक्तिशाली सरकार को झुका दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन विवादित कृषि कानून संसद के अंदर के किसी दल के दबाव में वापस नहीं लिए, बल्कि सड़क पर बैठे किसानों के दबाव में वापस लिए। इसलिए अपने 44 या 52 सांसदों के दम पर कांग्रेस संसद के अंदर जो काम नहीं कर पा रही है क्या पता वह अपने 11 करोड़ मतदाताओं की ताकत के दम से सड़क पर उतर के कर दे!

डॉक्टर लोहिया ने कांग्रेस विरोध की सारी लड़ाई सड़क पर रह कर लड़ी थी। वे तो सिर्फ दो बार सांसद बने थे वह भी कुल मिला कर चार साल के लिए। पहले 1963 के एक उपचुनाव में चार साल के लिए वे जीते थे। फिर 1967 में जीते लेकिन जल्दी ही उनका निधन हो गया।

## केले के छिलके से निकले इन तारों को खाते हैं आप? जानिए शरीर पर ये क्या असर डालते हैं

केला खाते समय हममें से अधिकांश लोगों की नजरें केले की सतह पर लगे उन सफेद रंग के तारों या रेशे पर पड़ती हैं इन तारों को वैज्ञानिक भाषा में 'फ्लोएम बंडल्स' कहते हैं. ये तार केले के अंदरूनी हिस्से से लगे होते हैं और केले की लंबाई में फैले रहते हैं. ये तार दरअसल केले के अंदर मौजूद उत्तक होते हैं जो केले में मौजूद पोषक तत्वों को एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचाते हैं. जब हम इन तारों को हटाने की कोशिश करते हैं तो ये आसानी से टूट जाते हैं. अधिकांश लोगों को ये धागे यानी तारें खाने में अस्वादिष्ट लगते हैं. कुछ लोग तो इन्हें पूरी तरह से अलग कर देते हैं. लेकिन क्या ये तारे वाकई में खाने योग्य हैं? क्या इन्हें खाने से कोई नुकसान हो सकता है? आइए जानते हैं...

क्यों केले के फ्लोएम बंडल्स को खाना चाहिए?

केले की सतह पर लगे फ्लोएम बंडल्स यानी वे सफेद रंग के फाइबर वाले तार, केवल केले को ही पोषक तत्व नहीं देते बल्कि खाने में काफी फायदेमंद भी होते हैं. इनमें फाइबर, पोटेशियम, विटामिन बी–6 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं. ये हमारे पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करते हैं. साथ ही, इनसे हमारे रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल करने में भी सहायता मिलती है. इसलिए, केला खाते समय इन फाइबर वाले तारों से डरने की बजाय इन्हें खाना चाहिए.

**यह बताता है कि केला पका है या नहीं**

वास्तव में फ्लोएम बंडल्स से हमें यह भी पता चलता है कि केला पक चुका है या नहीं. इसलिए, केले के 'तारों' को खाना चाहिए. केले के साथ इसको खाना फायदेमंद माना जाता है.

**फाइबर से भरपूर होते है**

फ्लोएम बंडल्समें फाइबर की मात्रा बहुत अधिक होती है. फाइबर हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी होता है. यह हमारा पाचन तंत्र ठीक रखने का काम करता है.फाइबर से भरपूर फ्लोएम बंडल्स का खाने से हमारा पेट साफ रहता है.

# भारत की बढ़ती चुनौतियां

निज्जर– पन्नू मामलों में भारत के खिलाफ माहौल कनाडा और अमेरिका की सरकारों ने बनाया है। चुनौती उन सरकारों के सामने उनकी धारणाओं को गलत साबित करने की है। वरना, इससे संबंधित खबरें हर कुछ अंतराल पर मीडिया में आती रहेंगी और मुद्दा गरमाया रहेगा।

खालिस्तानी उग्रवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के मामले में एक अमेरिकी वेबसाइट की ताजा खबर का फुर्ती से खंडन कर भारत ने उचित कदम उठाया है। लेकिन असल चुनौती अमेरिकी अधिकारियों को यह भरोसा दिलाने की है कि अमेरिका और कनाडा स्थित खालिस्तानी उग्रवादियों की हत्या की योजना में भारत सरकार का कोई हाथ नहीं है। ये खबर अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन के निदेशक की भारत यात्रा से ठीक पहले छापी गई। इसमें दावा किया गया कि भारत सरकार की ओर से अपने दूतावासों को इन उग्रवादियों के खिलाफ 'जटिल कार्रवाई योजना' में सहयोग करने का निर्देश भेजा गया था।

**खालिस्तानी उग्रवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के मामले में एक अमेरिकी वेबसाइट की ताजा खबर का फुर्ती से खंडन कर भारत ने उचित कदम उठाया है। लेकिन असल चुनौती अमेरिकी अधिकारियों को यह भरोसा दिलाने की है कि अमेरिका और कनाडा स्थित खालिस्तानी उग्रवादियों की हत्या की योजना में भारत सरकार का कोई हाथ नहीं है। ये खबर अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन के निदेशक की भारत यात्रा से ठीक पहले छापी गई। इसमें दावा किया गया कि भारत सरकार की ओर से अपने दूतावासों को इन उग्रवादियों के खिलाफ 'जटिल कार्रवाई योजना' में सहयोग करने का निर्देश भेजा गया था।**

अमेरिकी वेबसाइट ने दावा किया कि उस निर्देश की कॉपी उसके पास है, जिस पर भारत के विदेश सचिव के दस्तखत हैं। इस खबर के मुताबिक इस वर्ष अप्रैल में भेजे गए दस्तावेज में कई उग्रवादियों का जिक्रहै, जिनमें कनाडा में मारा गया हरदीप सिंह निज्जर भी शामिल है।

हालांकि वेबसाइट ने कहा है कि उस दस्तावेज में सीधे तौर पर उन उग्रवादियों की हत्या का उल्लेख नहीं है, मगर उसमें अमेरिका और कनाडा स्थित दूतवासों से भारतीय खुफिया एजेंसियों से सहयोग करने को कहा गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने ऐसा कोई निर्देश भेजे जाने की बात का सिरे से खंडन किया है। साथ ही कहा है कि संबंधित वेबसाइट की पहचान पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों की फर्जी कहानियों को फैलाने वाले माध्यम के रूप में रही है। बेश-क, इस खंडन से भारत के लिए संभावित नुकसान को सीमित किया जा सकेगा। बहरहाल, यह अवश्य ध्यान में रखना चाहिए कि ऐसी खबरें अक्सर जानबूझ कर लीक की गई सही या गलत सूचनाओं के आधार पर प्रकाशित होती हैं। भारत के सामने चुनौती ऐसी लीक के स्रोत तक पहुंचने की है। ये बात भी ध्यान में रखने की है कि इस मामले में भारत के खिलाफ माहौल कनाडा और अमेरिका की सरकारों ने बनाया है। च

# सुरक्षा में बड़ी चूकः पकड़े गए आरोपियों ने बताया– संसद के अंदर क्यों कूदे, गेट पर लगे डीएफएमडी 10–15 साल पुराने



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोपी सागर शर्मा व मनोरंजन डी ने पुलिस के सामने कबूल किया है कि गैलरी में न तो उनको कोई देख रहा था और न ही वह सीसीटीवी कैमरों की जद में थे। जबकि उनको देश का अपनी तरफ ध्यान खींचना था। ऐसे में हंगामा करने के लिए वह संसद भवन में कूद गए। सुर्खियों व कैमरों में आने लिए वह संसद के अंदर टेबलों पर छलांग लगाते रहे। दोनों आरोपियों ने यह बातें दिल्ली पुलिस व खुफिया विभाग की संयुक्त पूछताछ में बताई हैं। उधर, संसद भवन के गेट नंबर–2 पर लगे डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) भी जांच के दायरे में है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो डीएफएमडी 10–15 साल पुराना है।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी विजिटर गैलरी में ही हंगामा करना चाहते थे, मगर विजिटर गैलरी में न तो उन्हें कोई देख रहा था और न ही कैमरों की जद उन तक थी। वह विजिटर गैलरी में काफी देर बैठे रहे। इसके बाद वह संसद भवन में कूद गए। आरोपियों का कहना है कि कैमरों में आने के लिए वह संसद भवन में कूदे थे। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नए संसद के गेट नंबर दो पर लगा डीएफएम 10–15 साल पुराना है। ऐसे में डीएफएम स्मोट स्टिक (स्मोक केन) को पकड़ नहीं पाया था। ऐसे में माना जा रहा है कि डीएफएम ठीक से काम नहीं कर रहा था।इस अधिकारी का कहना है कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि नई संसद में पुरानी संसद भवन के डीएफएम को ही लगा दिया था। ऐसे में सर्चिंग–फिगिंग ठीक से नहीं हो रही थी। इस कारण डीएफएमडी भी जांच के दायरे में आ गया है। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार नई संसद भवन में चेहरे की पहचान कर पकड़ने वाले नए कैमरे लगाए हैं।

संसद भवन के अंदर स्मोक केन चलाने वाले सागर शर्मा व मनोरंजन डी ने खुलासा किया है कि उन्होंने दिल्ली व दिल्ली से बाहर अन्य राज्य में न तो किसी आंदोलन और न ही किसी धरने में भाग लिया है। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा है कि वह किसी आंदोलन में भाग लेने की बजाय ऑनलाइन देखते थे। हर आंदोनल व धरना–प्रदर्शन को वह ऑनलाइन देखते थे। इसके बाद ही वह अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाते।

## नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में कनाडाई सिख को 15 साल की सजा, भारत भागा

**टोरंटो ,एजेंसी।** कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के एक सिख ट्रक ड्राइवर (60) के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। बताया जाता है कि यह मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में 15 साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद से भारत भाग गया। सरे के राज कुमार मेहमी को नवंबर में कनाडा–अमेरिका प्रशांत राजमार्ग सीमा पार कर ब्रिटिश कोलंबिया में 80 किलोग्राम कोकीन की तस्करी के लिए सजा सुनाई गई थी।

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने कहा कि मेहमी का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने की कानूनी कार्रवाई के लिए दुनिया भर में कानून प्रवर्तन के अनुरोध के रूप में एक इंटरपोल रेड नोटिस की मांग की जा रही है। मेहमी को शुरू में 6 नवंबर, 2017 को ब्रिटिश कोलंबिया आरसीएमपी द्वारा गिरफ्तार किया गया था, जब कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) ने एक सेमी–ट्रेलर ट्रक के अंदर छिपी हुई कोकीन की 80 सीलबंद ईंटों की खोज की थी। इस जब्ती के समय, कोकीन का थोक मूल्य 3.2 मिलियन डॉलर आंका गया था।

6 सितंबर, 2022 को सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश ने मेहमी को दोनों आरोपों में दोषी पाया, और सजा पर सुनवाई 9 जनवरी, 2023 के लिए निर्धारित की गई थी। आरसीएमपी ने कहा कि 11 अक्टूबर, 2022 को मेहमी वैंकूवर से उड़ान भरने के बाद भारत भाग गया और अगले दिन नई दिल्ली पहुंचा। 16 नवंबर, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे प्रांतीय न्यायालय ने मेहमी को (अनुपस्थिति में) ड्रग्स आयात करने के लिए और ड्रग्स रखने के लिए छह साल की सजा सुनाई।

## जापान में फंड घोटाले को लेकर तीन मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो ,एजेंसी।** जापान में राजनीतिक फंड घोटाले को लेकर सत्तारुढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के तीन मंत्रियों ने गुरुवार को अपने इस्तीफे दे दिए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने कहा कि अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री यासुतोशी निशिमुरा, आंतरिक मामलों और संचार मंत्री जुनजी सुजुकी और कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन मंत्री इचिरो मियाशिता ने आज अपने इस्तीफे सौंप दिए।

एलडीपी पार्टी हाल ही में आरोपों के बीच भारी जांच के दायरे में रही है कि उसका सबसे बड़ा गुट राजनीतिक फंडिंग रिपोर्ट में धन उगाहने वाले आयोजनों के राजस्व में करोड़ों येन की घोषणा करने में विफल रहा। इस गुट के कई प्रमुख कैबिनेट और एलडीपी नेताओं, सेइवा नीति अध्ययन समूह, जिसका नेतृत्व पहले दिवंगत पूर्वप्रधानमंत्री शिंजो आबे ने किया था, के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।

## वेस्ट बैंक में इजरायली ऑपरेशन में 3 और फ़िलिस्तीनियों की मौत

**गाजा ,एजेंसी।** उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में इजरायली सैन्य ऑपरेशन में तीन और फिलिस्तीनी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 36 वर्षीय एक व्यक्ति को जांघ में गोली मारी गई। एम्बुलेंस के अस्पताल पहुंचने में देरी के कारण उसने दम तोड़ दिया।

मंत्रालय ने कहा कि 29 वर्षीय कुसम ज़िदान नाम के एक व्यक्ति की जेनिन शरणार्थी शिविर में इजरायली सेना द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि 13 वर्षीय किशोर की जेनिन सरकारी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। उसकी एम्बुलेंस को इजरायली बलों ने रोक दिया था। .फ़िलिस्तीनी सुरक्षा और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इज़रायली सेना जेनिन में एक बड़ा सैन्य अभियान चला रही है, सैकड़ों घरों पर छापे मारे जा रहे हैं और दर्जनों फ़िलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया है।

## इंदौर में यौनाचार से इन्कार करने पर लिव–इन पार्टनर ने की युवती की हत्या, गिरफ्तार

**भोपाल ,एजेंसी ।** मध्य प्रदेश के इंदौर में 20 वर्षीय एक युवती की उसके लिव–इन पार्टनर ने कथित तौर पर शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करने पर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपी के घर पर खून से लथपथ युवती का शव मिलने के तीन दिन बाद पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, महिला का शव उसकी हत्या के दो दिन बाद 9 दिसंबर को मिला था। आरोपी अपने घर का दरवाजा बंद कर भाग गया था।जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि पीड़िता प्रवीण सिंह धाकड़ के साथ रिश्ते में थी और इंदौर में उसके किराए के घर पर रह रही थी।अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि सात दिसंबर को रावजी बाजार इलाके में किराए के मकान में महिला की हत्या कर दी गई थी और दो दिन बाद पुलिस ने उसका शव बरामद किया था।उन्होंने बताया कि गुना जिले का रहने वाला 24 वर्षीय धाकड़ उस वक्त गुस्से में आ गया, जब उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने से इनकार कर दिया और उसकी गर्दन पर कैंची से वार कर दिया।

# शेयर बाजार ने रचा इतिहास, सेंसेक्स पहली बार 70 हजार पार, निफ्टी भी 21,000 पार




**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार ने गुरुवार को इतिहास रच दिया और सेंसेक्स पहली बार 70 हजार एवं निफ्टी 21 हजार अंक को पार कर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 929.60 अंक अर्थात 1.34 प्रतिशत की उछल भरकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 70 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 70514.20 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 256.35 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की छलांग लगाकर अबतक के रिकॉर्ड 21182.70 स्तर पर रहा। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 1.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 36,223.86 अंक और स्मॉलकैप 0.62 प्रतिशत चढ़कर 41,841.93 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3892 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2064 में लिवाली, जबकि 1702 में बिकवाली हुई वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियों के शेयर हरे जबकि शेष 12 लाल निशान पर बंद हुए। विश्लेषकों के अनुसार अमरीकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ब्याज दरों में कटौती करने के स्पष्ट संदेश ने आने वाले दिनों में एक स्मार्ट सांता क्लॉज

रैली के लिए प्लेटफार्म तैयार कर दिया है। यह चुनाव पूर्व रैली को भी गति दे सकता है, जो बाजार को नई उंचाइयों पर ले जा सकता है। फेड के कल के संदेश का अर्थ यह है कि सख्ती का दौर खत्म हो गया है और वर्ष 2024 में तीन बार ब्याज दरों में कटौती संभव है। अमरीका में 10 वर्षीय यील्ड में चार प्रतिशत की गिरावट से घरेलू बाजार में बड़े पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा।

यह पूंजी लार्ज कैप खासकर बैंकिंग और आईटी जैसे समूहों के लिए होगा। इससे बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की 0.20 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान रियल्टी 3.80, आईटी 3.21, टेक 2.72, दूरसंचार 2.14, कमोडिटीज़ 0.75, सीडी 0.88, ऊर्जा 1.28, एफएमसीजी 0.31, वित्तीय सेवाएं 1.38, हेल्थकेयर 0.02, इंडस्ट्रियल्स 0.52, यूटिलिटीज़ 0.78, ऑटो 0.67, बैंकिंग 1.26, कैपिटल गुड्स 0.47, धातु 0.84, तेल एवं गैस 1.36, पावर 0.89 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.48 प्रतिशत चढ़ गए। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 1.89, जर्मनी का डैक्स 0.69 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.07 प्रतिशत उछल गया। हालांकि जापान का निक्केई 0.73 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.33 प्रतिशत की गिरावट रही।

# कुतिया ने दिया 8 बच्चों को जन्म, भोज का आयोजन



महोबा, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले में पशु प्रेम का एक अनूठा मामला सामने आया है। यहां एक ग्रामीण ने उसकी पालतू कुतिया के बच्चे देने की खुशी में गां के करीब 250 लोगों के लिए भोज का आयोजन कर दिया। ग्रामीण के इस पशु प्रेम की हर कहीं चर्चा हो रही है। मामला यहां बेलाताल विकास खण्ड के अकौना गांव का है। जहां पेशे से किसान 40 वर्षीय राजेन्द्र यादव की पालतू कुतिया चम्पी ने पिछले दिनों एक साथ आठ बच्चों को जन्म दिया था। घर में आठ पपी आने पर परिवार के लोग खासे उल्लसित थे। यही वजह रही कि राजेन्द्र ने बुधवार को खास समारोह का आयोजन किया जिसमे किसान के परिजन एवं रिश्तेदार के साथ ग्रामीण सम्मलित हुए।

राजेन्द्र ने इस मौके पर कुंआ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें कुतिया को महावर आदि लगा कर न सिर्फ सजाया संवारा गया बल्कि उसे गांव में चंगेल भी घुमाया , जहां बैंड बाजों ओर डीजे की धुनों पर ग्रामीणों ने जमकर नृत्य किया। परंपरागत तरीके से सभी रस्म निर्वहन होने के उपरांत यहां करीब 250 लोगों की दावत भी हुई जिसमे विभिन्न प्रकार के लजीज पकवान परोसे गए। अकौना की ग्राम प्रधान उमा देवी कुशवाहा ने बताया कि गांव में अपनी तरह के इस अनूठे आयोजन में सभी लोगों से पूरे जोश–खरोश के साथ शिरकत की। ग्रामीणों ने किसान राजेन्द्र यादव के पशु प्रेम को जमकर सराहा। उधर किसान राजेन्द्र ने कहा कि उसकी पालतू कुतिया बेजुबान पशु अवश्य है किंतु अपने आचरण से पूरे घर की चहेती है। परिवार के सभी सदस्य उससे बहुत प्रेम करते हैं और घर का सदस्य मानते है। यही वजह रही कि उसके बच्चे होने पर परिवार ने जश्न का आयोजन किया।

## कर्नाटक विधानसभा में बीबीएमपी संशोधन विधेयक पारित

**बेलगावी ,एजेंसी।** बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) और कुछ अन्य कानून (संशोधन) विधेयक, जो राज्य की राजधानी के नागरिक निकाय को भवन योजनाओं और अन्य अनुमतियों से संबंधित शुल्क लगाने का अधिकार देता है, कर्नाटक विधानसभा में पारित हो गया।उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने संशोधन विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा : 2015 में भवन निर्माण अनुमति के लिए शुल्क के संग्रह से संबंधित एक परिपत्र था। कुछ लोगों ने परिपत्र को चुनौती देते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इसे 2021 में संशोधित किया गया था। इस शुल्क को पूर्वव्यापी बनाने के लिए 2022 में एक और संशोधन किया गया। हाईकोर्ट ने सर्कुलर पर रोक लगाते हुए कहा था कि सर्कुलर के आधार पर बिल्डिंग परमिशन फीस नहीं वसूली जा सकती।

# निलंबित सांसदों ने संसद परिसर में जमाया डेरा, विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया डेरेक का मामला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन करते हुए वेल तक पहुंचने की कोशिश करना और निलंबन के बाद भी सदन से बाहर न जाना टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को भारी पड़ गया। सभापति धनखड़ ने इसके लिए उन्हें निलंबित कर दिया और उनका मामला विशेषाधिकार समिति के पास जांच के लिए भेज दिया। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि डेरेक का सदन में बने रहना आदेश का गंभीर उल्लंघन और जानबूझकर की गई अवहेलना है। वहीं, अपने निलंबन को लेकर टीएमसी सांसद सहित सभी निलंबित सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया है। कुल 15 सांसदों को शीतकालीन सत्र के शेष भाग के लिए निलंबित या। इसमें 14 लोकसभा से और 1 राज्यसभा से हैं। हालांकि बाद में लोकसभा से निलंबित सांसदों में एक का निलंबन वापस ले लिया गया। सदन से निलंबन के बाद उनके खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें उनके आचरण को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को भेजने की मांग की गई थी। दरअसल, डेरेक के निलंबन को लेकर शुरू हुए विपक्ष के हंगामे के कारण सदन को कुछ देर के लिए स्थगित कर दिया गया था। जब शाम चार बजे राज्यसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तो सभापति जगदीप धनखड़ ने निलंबित सदस्य ओ'ब्रायन को पारित आदेश के अनुपालन में सदन छोड़ने के लिए कहा। बावजूद इसके जब वे सदन से बाहर नहीं गए।

तब धनखड़ ने कहा कहा कि ओ'ब्रायन का सदन में बने रहना आदेश का गंभीर उल्लंघन और जानबूझकर की गई अवहेलना है। इसके बाद, सदन के नेता पीयूष गोयल ने इस मुद्दे को राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजने के लिए नियम 192 के तहत एक प्रस्ताव पेश किया।

# कंगारू बैटर के पिटारे से निकला अनोखा शॉट, सोशल मीडिया पर छाया वीडियो



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पर्थ में खेले जा रहे टेस्ट मैच का पहला दिन डेविड वॉर्नर के नाम रहा। कंगारू सलामी बल्लेबाज ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 164 रन की दमदार पारी खेली। वॉर्नर ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की जमकर क्लास लगाई और एक से बढ़कर एक खूबसूरत शॉट्स लगाए।

अपनी रफ्तार के लिए मशहूर शाहीन अफरीदी को भी बेइज्जत करने में वॉर्नर ने कोई कसर नहीं छोड़ी। ओपनिंग बैटर ने अफरीदी की गेंद पर पैर बैठाकर ऐसा सिक्स जड़ा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है।

वॉर्नर का लाजवाब सिक्स

डेविड वॉर्नर ने टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी शानदार बल्लेबाजी से हर किसी का दिल जीता। वॉर्नर ने शाहीन अफरीदी की रफ्तार भरी गेंद को बाउंड्री लाइन के पार पहुंचाया। दरअसल, अफरीदी की गेंद पर कंगारू ओपनर ने अपने दोनों घुटने नीचे की तरफ झुकाते हुए बॉल को छक्के के लिए भेजा। इस शॉट को खेलने के चक्कर में वॉर्नर अपना बैलेंस नहीं संभाल सके, लेकिन वह गेंद को विकेट के पीछे स्टैंड में काफी दूर पहुंचाने में जरूर सफल रहे।

वॉर्नर ने जमकर मचाया बल्ले से धमाल

डेविड वॉर्नर ने पर्थ के मैदान पर बल्ले से खूब रंग जमाया। कंगारू ओपनर ने 211 गेंदों का सामना करते हुए 164 रन की यादगार पारी खेली। वॉर्नर ने इस पारी के दौरान 16 चौके और चार गगनचुंबी छक्के जमाए। वॉर्नर ने अपने टेस्ट करियर का 26वां शतक ठोका। बता दें कि यह टेस्ट सीरीज वॉर्नर के करियर की आखिरी टेस्ट सीरीज भी है।

**मजबूत स्थिति में ऑस्ट्रेलिया**

ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले दिन का खेल खत्म होने पर बेहद मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। कंगारू टीम ने 5 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 346 रन लगा दिए हैं।

# आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए वापसी कर सकते हैं ऋषभ पंत

नई दिल्ली , आईपीएल 2024 में कप्तान के तौर पर ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के लिए वापसी करने को तैयार हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो को पता चला है कि फ्रैंचाइज़ी को उम्मीद है कि दिसंबर 2022 में कार एक्सीडेंट में चोटिल होने के बाद 2023 सीज़न नहीं खेलने वाले पंत फ़रवरी के अंत तक पूरी तरह से फ़िट हो जाएंगे। इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि क्या वह विकेटकीपर बल्लेबाज़ के तौर पर वापसी करेंगे या एक विशेषज्ञ बल्लेबाज़ के तौर पर लेकिन फ्रैंचाइज़ी कप्तान और बल्लेबाज़ की भूमिका से ही ख़ुश है।

पंत की आईपीएल वापसी के पहले संकेत नवंबर में मिले थे, जब उन्होंने कोलकाता में दिल्ली कैपिटल्स कैंप में हिस्सा लिया था। इस कैम्प में सीनियर फ्रैंचाइज़ी सहायक स्टाफ़ सौरव गांगुली (डायरेक्टर ऑफ़ क्रिकेट), रिकी पोंटिंग (प्रमुख कोच) और प्रवीण आमरे (सहायक कोच) भी मौजूद थे।

पंत ने रिटेंशन और रिलीज़ किये जाने वाले खिलाड़ियों पर चर्चा की थी क्योंकि आने वाली 19 दिसंबर को दुबई में नीलामी होनी है। कार एक्सीडेंट के कारण पंत के दायें घुटने में गंभीर चोटें आई थीं और वह 2023 में पूरी तरह से क्रिकेट से दूर रहे। इसके बाद पंत की सर्जरी हुई और उन्होंने



बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी में रिहैब किया। पिछले महीनों में उन्होंने कई वीडियो पोस्ट किए जिसमें उन्होंने बताया कि रिकवरी प्लान के मुताबिक चल रही है। उन्होंने बल्लेबाज़ी तो शुरू कर दी है लेकिन यह पुष्टि नहीं हुई है कि वह कीपिंग भी करेंगे।

जुलाई से बीसीसीआई की ओर से पंत पर कोई आधिकारिक अपडेट नहीं आई है। बीसीसीआई ने तब कहा था कि रिहैब में वह काफ़ी सुधार कर रहे हैं और नेट्स पर बल्लेबाज़ी और कीपिंग दोनों कर रहे हैं। अगर अगले साल फ़रवरी तक एनसीए द्वारा पंत को मंज़ूरी दे दी जाती है, जैसा कि फ्रैंचाइज़ी को उम्मीद है, तो 2022 के अंत में बांग्लादेश दौरे में खेलने के बाद आईपीएल पहला टूर्नामेंट होगा जिसमें वह खेलेंगे।पिछले सीज़न में पंत की अनुपस्थिति में दिल्ली ने डेविड वॉर्नर को अंतरिम कप्तान नियुक्त किया था। वे 14 मैचों में पांच जीत और नौ हार के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर रहे थे।

# उस्मान ख्वाजा और आईसीसी के बीच छिड़ी बहस



पर्थ , गाजा के लोगों के प्रति एकजुटता दर्शाने वाले संदेश लिखे जूते पहनने की अनुमति नहीं दिए जाने के एक दिन बाद ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ऑप्टस स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन बांह पर काली पट्टी बांधे नजर आए।

ऑस्ट्रेलिया के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के साथ उस्मान ख्वाजा ने अपने जूतों पर लिखे संदेशों पर टेप लगा ली और डेविड वार्नर के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए बाहर आते समय बांह पर काली पट्टी बांध ली।

काली पट्टी पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, उन्होंने इसे अपने इंस्टा पोस्ट के अनुसार एकजुटता और सम्मान में पहना है।

ख्वाजा को ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र में अपने जूतों पर 'सभी जीवन समान हैं' और 'स्वतंत्रता एक मानव अधिकार है' जैसे संदेशों के साथ देखा गया था।

सीए ने ख्वाजा के मानवीय संदेश वाले जूते पहनने के इरादे पर एक बयान जारी कर कहा था, हम अपने खिलाड़ियों के व्यक्तिगत राय व्यक्त करने के अधिकार का समर्थन करते हैं। लेकिन आईसीसी के नियम हैं जो व्यक्तिगत संदेशों के प्रदर्शन पर रोक लगाते हैं और हम उम्मीद करते हैं कि खिलाड़ी इसका पालन करेंगे।

फिर, ख्वाजा ने सोशल मीडिया पर एक विस्फोटक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें लिखित शब्दों के साथ खेल के जूते पहनने पर आईसीसी से लडने और मंजूरी लेने की कसम खाई गई।

उन्होंने लिखा, अतीत में बहुत कुछ ऐसा हुआ है जो एक मिसाल कायम करता है। मैं ब्लैक लाइव्स मैटर के पूर्ण समर्थन में हूं। ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्होंने पहले भी अपने जूतों पर लिखा है।

पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट शुरू होने से पहले फॉक्स क्रिकेट पर ख्वाजा ने कहा, ऐसे अन्य लोग हैं जिन्होंने अपने उपकरणों पर धार्मिक बातें लिखी हैं और आईसीसी दिशानिर्देशों के तहत तकनीकी रूप से इसकी अनुमति नहीं है, लेकिन आईसीसी इस पर कभी कुछ नहीं कहता है। मुझे यह थोड़ा निराशाजनक लगता है कि वे मुझ पर सख्त हो गए और उन्होंने ऐसा नहीं किया।

सीए के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने कहा कि वे ख्वाजा का समर्थन करते हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि आईसीसी के नियमों का सम्मान किया जाना चाहिए। जब टीम और आईसीसी इसमें शामिल होते हैं, तो इसमें नियम शामिल होते हैं। इसलिए हमारे दृष्टिकोण से ख्वाजा का समर्थन करने में बहुत खुश हैं और वह स्पष्ट रूप से मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष से सीधे प्रभावित हैं। और अपनी आवाज का उपयोग करना चाहता है। यह सिर्फ एक सवाल है कि हम मौजूदा नियमों को ध्यान में रखते हुए इसका उपयोग कैसे करते हैं।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने चकनाचूर किया 73 साल पुराना रिकॉर्ड



नई दिल्ली। डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय बैटर्स का जलवा रहा। शुभा सतीश, यास्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जमाया।

दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम ने स्कोर बोर्ड पर 7 विकेट खोकर 410 रन लगा दिए हैं। इसके साथ ही हरमनप्रीत एंड कंपनी ने 73 साल पुराना रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर डाला है।

**73 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टेस्ट मैच के पहले दिन 400 रन का आंकड़ा पार करने के साथ ही 73 साल पुराना रिकॉर्ड चकनाचूर कर डाला है। टेस्ट मैच में पहले दिन किसी भी टीम द्वारा महिला क्रिकेट में बनाया गया यह दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। साल 1960 में साउथ अफ्रीका की महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ खेलते हुए 376 रन बनाए थे।

टेस्ट मैच के एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम है, जिन्होंने 1935 में 475 रन कूटे थे।

# वर्ल्ड कप फाइनल में दिल टूटने पर रोहित शर्मा का छलका दर्द, वीडियो पोस्ट कर क्रिकेटर ने कही ये बात

नई दिल्ली , भारत के वनडे विश्व कप फाइनल में हारने के बाद पहली बार बोलते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि जीवन में आगे बढ़ना होगा, लेकिन हार से उबरना उनके लिए बेहद कठिन था। 19 नवंबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल में रोहित ने पहले दस ओवरों में भारत को तेज शुरुआत देना जारी रखा। रोहित की 31 गेंदों में 47 रन की पारी के बदौलत मेजबान टीम पहले पावरप्ले के अंत में 80 रन तक पहुंच गई।

लेकिन उसके बाद भारत को बीच के ओवरों में लगातार झटके लगे और भारतीय पारी मात्र 240 रन पर सिमट गई। जवाब में, ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहित ने कहा, मैं हमेशा 50 ओवर का विश्व कप देखकर बड़ा हुआ हूं। मेरे लिए वह सर्वोच्च पुरस्कार था। हमने उस



विश्व कप के लिए इतने वर्षों तक काम किया है।

रोहित ने 'टीम45 आरओ' इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे नहीं पता था कि फाइनल में मिली हार के बाद वापस कैसे आना है। मेरे परिवार और दोस्तों ने मुझे प्रेरित किया। यह समझना मुश्किल था लेकिन जीवन को आगे बढ़ने की जरूरत है, मगर ईमानदारी से कहूं तो उस दिन से आगे बढ़ना बेहद कठिन था।

टूर्नामेंट खत्म होने के बाद रोहित विश्व कप फाइनल में हार के दुख से उबरने के लिए अपने परिवार के साथ यूनाइटेड किंगडम चले गए। साथ ही उन्होंने बड़ी संख्या में टीम का समर्थन करने के लिए आने वाले प्रशंसकों की सराहना की।

रोहित ने कहा, इस पूरे अभियान के दौरान हम जहां भी गए, उन सभी लोगों से बहुत समर्थन मिला जो सबसे पहले स्टेडियम में आए थे और उन लोगों से भी जो इसे घर से देख रहे थे। रोहित ने बताया कि प्रशंसकों ने उन्हें बताया कि उन्हें विश्व कप में भारतीय टीम के प्रदर्शन पर गर्व है। जिससे उनके लिए ठीक होना आसान हो गया और उनके द्वारा दिखाई गई सहानुभूति से वे प्रभावित हुए।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com